>

Title: Need to ensure proper distribution of compensation to all the eligible farmers in Parbhani district of Maharashtra.

श्री संजय हरिभाऊ जाधव (परभणी) : महाराष्ट्र के परभणी जिले के किसानों तथा जिलों के आसपास रहने वाले किसानों को हाल ही में दिये जाने वाले मुआवजा वितरण व्यवस्था में अनियमितता पायी गयी है । कुछ ही किसानों को मुआवजा दिया गया है, छोटे किसान मुआवजा प्राप्त करने से वंचित किये गये हैं जिससे किसानों द्वारा आत्महत्यायें की जा रही हैं । केन्द्र किसानों को दिये गये मुआवजे के वितरण सारणी की विस्तृत जांच करने हेतु आदेश जारी करें तथा जो किसान अब तक मुआवजा प्राप्त करने से वंचित रह गये हैं उन्हें मुआवजा देने की व्यवस्था स्थापित की जाये, जिससे जिले के किसान जीवन यापन कर सकें ।